# बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना—800023
दूरभाष संख्याः—0612—2285262


**संoसंo :– बिoविoमिo–स्थाo–(DRCC-SWO/MPA)–07/2024...211....., दिनांक 31/01/25**

## –:: कार्यालय आदेश ::–

बिहार विकास मिशन के संविदा आधारित 07 (सात) पदों यथा प्रोजेक्ट लीड, मैनेजमेंट एसोसिएट, कम्युनिकेशन एसोसिएट, सहायक प्रबंधक (योजना), सुपरवाईजर आई0टी0, मल्टी परपस असिस्टेंट एवं सिंगल विंडो ऑपरेटर के Job Description के निर्माण की कार्रवाई प्रक्रियाधीन होने के कारण इन पदों पर नियोजित कर्मियों का वार्षिक एकरारनामा विस्तार एवं वार्षिक मानदेय वृद्धि सम्प्रति अवरूद्ध है।

**2.** संबंधित नियोजित कर्मियों के वार्षिक एकरारनामा विस्तार अवरूद्ध होने के कारण हो रही विभिन्न कठिनाईयों के फलस्वरूप कार्यहित में निम्न आदेश संसूचित किया जाता है:–

**(i)** प्रोजेक्ट लीड, मैनेजमेंट एसोसिएट, कम्युनिकेशन एसोसिएट, सहायक प्रबंधक (योजना), सुपरवाईजर आई0टी0, मल्टी परपस असिस्टेंट एवं सिंगल विंडो ऑपरेटर के पद का Job Description का निर्माण होने तक इन पदों पर नियोजित कर्मियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन का अभिलेखन एवं एकरारनामा विस्तार की कार्रवाई पूर्व की भांति तथा पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जायेगी, जो कर्मियों के संविदा अवधि के संबंध में कार्यकारी समिति द्वारा लिये गये निर्णय के फलाफल से प्रभावित होगा।

**(ii)** संबंधित कर्मियों के एकरारनामा विस्तार की कार्रवाई पूर्ण होने के साथ इन्हें बिहार विकास मिशन के कार्यालय आदेश संख्या–817, दिनांक–28.05.2019 द्वारा अनुमान्य लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि देय होगा।

**(iii)** जिन कर्मियों के लंबित एकरारनामा अवधि में नकारात्मक अभ्युक्ति/आरोप प्रतिवेदित/लंबित/संस्थित हो, उनका लंबित एकरारनामा अवधि में वार्षिक मानदेय वृद्धि की स्वीकृति नहीं दी जायेगी।

**3.** उपर्युक्त के आलोक में बिहार विकास मिशन में नियोजित संविदाकर्मियों के लंबित एकरारनामा अवधि में मानदेय इत्यादि के भुगतान हेतु कार्यालय पत्रांक–961, दिनांक–04.08.2023 द्वारा परिचारित दिशा–निर्देश उक्त हद तक संशोधित समझा जायेगा।

**4.** आदेश में सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

31/1/25
**(राजीव रंजन सिन्हा)**
महाप्रबंधक-HR (Management) & IT,
बिहार विकास मिशन।

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(DRCC-SWO/MPA)-07/2024**....211......, **दिनांक** ...31/01/25.....

**प्रतिलिपिः-** सभी अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव/ मिशन निदेशक, बिहार विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

भवदीय से सादर अनुरोध है कि आदेश के आलोक में अपने अधीन संबंधित नियोजित संविदा कर्मियों के कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन का अभिलेखन कर संविदा अवधि विस्तार हेतु संबंधित को निदेश देने की कृपा की जाय।

31/1/25

महाप्रबंधक-HR (Management) & IT,
बिहार विकास मिशन।

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(DRCC-SWO/MPA)-07/2024**....211......, **दिनांक** ...31/01/25.....

**प्रतिलिपिः-** मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम लि०, पटना/ सभी जिला पदाधिकारी/ सभी उप विकास आयुक्त/ सभी जिला योजना पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

भवदीय से सादर अनुरोध है कि आदेश के आलोक में अपने अधीन संबंधित नियोजित संविदा कर्मियों के कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन का अभिलेखन कर संविदा अवधि विस्तार हेतु उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

31/1/25

महाप्रबंधक-HR (Management) & IT,
बिहार विकास मिशन।

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(DRCC-SWO/MPA)-07/2024**....211......, **दिनांक** ...31/01/25.....

**प्रतिलिपिः-** अपर निदेशक (प्रोग्राम मॉनिटरिंग)/अपर निदेशक (प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन)/सभी उप मिशन निदेशक/ सभी महाप्रबंधक/ सभी अवर सचिव, बिहार विकास मिशन को सूचनार्थ प्रेषित।

31/1/25

महाप्रबंधक-HR (Management) & IT,
बिहार विकास मिशन।

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(DRCC-SWO/MPA)-07/2024**....211......, **दिनांक** ...31/01/25.....

**प्रतिलिपिः-** एच0आर0 मैनेजर, बिहार विकास मिशन को website पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

31/1/25

महाप्रबंधक-HR (Management) & IT,
बिहार विकास मिशन।

6.29 PM
31/01/25